Title: Requests the Central Government to send a team and provide relief to the flood affected areas of Bihar.

श्री शकुनी चौधरी (खगड़िया): सभापति जी, बिहार में १४ दिन से लगातार बारिश हो रही है। १६ जिले पूरी तरह से ध्वस्त हो गये हैं और हजारों मकान गिर गये हैं। सबसे दुखद है।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : यह सब्जैक्ट नियम १९३ में डिस्कशन के लिए लिया जायेगा। मैंने तिवारी जी को अभी बोला है।

श्री शकुनी चौधरी : मैं एक मिनट बोलूंगा।

सभापति महोदय : ठीक है। आप एक ही वाक्य में अपनी बात खत्म कीजिए। आप भाषण मत दीजिए नहीं तो आपको डिस्कशन में बोलने का मौका नहीं मिलेगा।

श्री शकुनी चौधरी :मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वहां भारत सरकार की एक टीम भेजी जाये। वहां पूरे १६ जिले जिसमें खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर, बांका वगैरह पूरी तरह से बरबाद हो गये हैं। आप उसकी जांच कराकर तुरंत राहत कार्य शुरू करायें।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Radhakrishnan, the same matter is coming up for discussion under Rule 193 and you can participate in that. Under the Rule 193, we are going to discuss about the flood situation in the country and, at that time, you can discuss about the flood situation in Kerala.

श्री राजनारायण पासी :सभापति जी, यह भी बाढ़ से संबंधित विषय है।

सभापति महोदय : यह भी फ्लड सिचुएशन पर है।

श्री राजनारायण पासी (बांसगांव) : मैं दो मिनट ही बोलूंगा। मेरे संसदीय क्षेत्र बांसगांव के चार विधान सभा क्षेत्र पूर्ण रूप से जल प्लावित हो चुके हैं। वहां इतनी भीषण बाढ़ आई है कि राप्ती के दोनों तटों पर जो बंध लगे हुए हैं, उसके ऊपर भी कहीं-कहीं पानी आ गया है।

सभापति महोदय : फ्लड के बारे में जब डिस्कशन होगी तब आप अपनी पार्टी की तरफ से अपना नाम दे दीजिए। आपको उसमें पार्टीसिपेट करने का न्योता मिल जायेगा।